बृहस्पतिवार
06 जनवरी 2022



पृष्ठ 4
अगर आप पैरो के दर्द से है परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



पृष्ठ 5
विजय देवरकोंडा के साथ काम करना चाहती हैं सारा



● देहरादून
● वर्ष 28
● अंक 322
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

29 वां वर्ष email: doonvalley_news@yahoo.com आर.एन.आई.- 59626/94 Website: dunvalleymail.com
सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

### आज का विचार

चरित्रहीन शिक्षा, मानवता विहीन विज्ञान और नैतिकता विहीन व्यापार ख़तरनाक होते हैं।

– सत्यसाई बाबा

# भाजपा व कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भिड़ंत



संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक को लेकर भाजपा और कांग्रेसियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप की आग अब दून तक पहुंच चुकी है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस के राजपुर रोड स्थित प्रदेश मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और राहुल गांधी व सोनिया गांधी के पुतले फुके। वेरीकेटिंग तोड़कर भाजपा कार्यकर्ता जब कांग्रेस मुख्यालय तक पहुंच गए तो कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी सड़कों पर आ गए जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को खांसी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

बीते कल पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काफिला रोके जाने को लेकर दिल्ली में बैठे भाजपा नेताओं ने इस घटना के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया तो उत्तराखंड भाजपा ने भी अपनी आस्तीने चढ़ानी शुरू कर दी। भाजपा युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता सोनिया और राहुल गांधी के पुतले लेकर एस्लेहाल राजपुर रोड पहुंच गए। भाजपा के इस प्रदर्शन के मद्देनजर पुलिस ने बेरिकेटिंग लगा कर उन्हें रोका गया लेकिन कुछ कार्यकर्ता बैरिकेंडिंग तोड़कर कांग्रेस मुख्यालय तक पहुंच गए जिसे देखकर कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता भी बाहर निकल आए। भाजपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच जब जुबानी झड़प होने लगी तो पुलिस भी एक्शन में आ गई और उसने संघर्ष को टालने की कोशिश की। पुलिस की मशक्कत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को जैसे-तैसे वापस भेजा गया जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता भी कांग्रेस भवन लौट गए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोनिया व राहुल गांधी के पुतले फुके और कांग्रेस मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।

### ❑भाजपा युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

यह हालांकि कोई पहली बार नहीं हुआ है इससे पूर्व भी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कई मौकों पर कांग्रेस भवन के सामने प्रदर्शन व संघर्ष की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिस समय राजपुर रोड पर भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हो रही थी राजपुर रोड पर इस दौरान लंबा जाम लग गया था जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# देवभूमि से मुझे अपार प्रेमः राजनाथ



संवाददाता

उत्तरकाशी। देवभूमि के लिए मेरे दिल में अपार प्रेम है जो मुझे बार-बार इस देवभूमि और वीरभूमि में खींच लाता है। स्वर्गीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जिन्होंने उत्तराखंड को बनाया था, का संकल्प था कि वह इस देवभूमि को ऐसी तपोभूमि के रूप में विकसित करें कि दुनिया भर के साधक देव भूमि को एक आदर्श राज्य के रूप में आकर्षित हो।

आज भाजपा की विजय संकल्प यात्रा के समापन के मौके पर उत्तरकाशी पहुंचे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात अपने संबोधन में कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का जो विकास बीते 7 सालों में हुआ है वह पिछले 70 सालों में भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि

### ❑भाजपा ने 7 साल में बदली भारत की तस्वीर
### ❑विजय संकल्प यात्रा वोट मांगने के लिए नहीं

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने 7 सालों में भारत की तस्वीर ही बदल दी है। उन्होंने कहा कि इन 7 सालों में उत्तराखंड में विकास के जो काम हुए हैं उससे राज्य में विकास की एक नई शुरुआत हुई है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि विजय संकल्प यात्रा वोट मांगने के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता बहुत समझदार और ईमानदार है उसकी कसौटी पर हम अगर खरा उतरते हैं तो हमें आपसे वोट मांगने की जरूरत नहीं

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक का मामला

नई दिल्ली। पंजाब के फिरोजपुर में रैली में जाने के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक का मुद्दा आज सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई एनवी रमना की पीठ के सामने उठाया गया और समीक्षा की मांग की गई। जब सीजेआई ने पूछा कि आप हमसे क्या उम्मीद कर रहे हैं? तब याचिकाकर्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसी घटना दोबारा न हो।

सिंह ने कहा कि आज जो भी माहौल है उसको देखते हुए सुरक्षा की तैयारियों की पेशेवर जांच की जरूरत है। आपकी निगरानी में यह उचित होगा कि भटिंडा के जिला न्यायाधीश पूरे मामले को खुद देखें। सिंह ने कहा कि वह (प्रधानमंत्री) फिरोजपुर के दौरे पर थे। यह सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है कि यह आज के माहौल में फिर से न हो। जिला न्यायाधीश को यह मामला देखना चाहिए और उसके बाद आप तय कर सकते हैं कि क्या कदम उठाए जाने हैं। कृपया आज ही आदेश पारित करने पर विचार करें। इस पर सीजेआई ने कहा कि आप याचिका की एक प्रति राज्य सरकार को उपलब्ध करा दें। हम मामले पर कल सुनवाई करेंगे। बता दें कि, कल पंजाब के फिरोजपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो साल बाद रैली होनी थी और यहां प्रधानमंत्री ४२ हजार करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं की घोषणा करने वाले थे। हालांकि, सुरक्षा में चूक का हवाला देते हुए रैली रद्द करनी पड़ी।

## तीसरी लहर : देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 90,928 नए मामले सामने आए

नई दिल्ली। देश में पिछले २४ घंटे में कोरोना संक्रमण के ९० हजार ९२८ नए मामले सामने आए हैं। वहीं ३२५ लोगों की मौत भी इस महामारी से इस अवधि में हुई है। इसके साथ ही देश में कोरोना से मरने वालों की संख्या ४ लाख ८२ हजार ८७६ हो गई है। वहीं संक्रमण दर देश में ६.४३ हो गया है। इन सबके बीच ओमीक्रोन वेरिएंट के मामलों में भी बड़े उछाल की पुष्टि हुई है। देश में ओमीक्रोन वेरिएंट से ग्रसित २६३० मरीजों की पहचान हो चुकी है।

देश के २६ राज्यों से आ चुके ओमीक्रोन के सबसे अधिक मामले महाराष्ट्र से आए हैं। यहा ओमीक्रोन के अभी तक ७९७ केस दर्ज किए गए हैं।



दूसरे स्थान पर दिल्ली (४६५) है। भारत में बुधवार सुबह के अपडेट के अनुसार ५८ हजार से कुछ अधिक केस आए थे। ऐसे में पिछले २४ घंटे में नए कोरोना मामलों में ५६ फीसदी से अधिक का उछाल आया है। देश में साप्ताहिक संक्रमण दर अब बढ़कर ३.४७ पहुंच गया है। देश में अभी रिकवरी रेट ९७.८१ फीसदी है। पिछले २४ घंटों में कम से कम १९२०६ लोग ठीक हुए हैं। इसके साथ कोरोना से ठीक होने वालों की कुल संख्या ३,४३,४१,००९ पहुंच गई है। सक्रिय मामलों की संख्या देश में बढ़कर २ लाख ८५ हजार ४०१ हो गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देशभर में ओमीक्रोन के २६३० मामले अभी तक सामने आए हैं। ओमीक्रोन के कुल मिले मरीजों में से ९९५ मरीज ठीक भी हो गए हैं। महाराष्ट्र में सबसे अधिक ७९७ केस मिले हैं। इसके अलावा दिल्ली में ४६५, राजस्थान में २३६, केरल में २३४ और कर्नाटक में २२६ मामले सामने आए हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में मौत का मामला तकनीकी रूप से ओमीक्रोन से संबंधित है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पीएम की सुरक्षा का सवाल

यह देश के इतिहास में पहली बार हुआ है जब देश के प्रधानमंत्री का कोई रास्ता रोक ले और उन्हें अपना कार्यक्रम रद्द कर वापस लौटना पड़े। कल प्रधानमंत्री मोदी के काफिले को पंजाब में जिस तरह रोका गया वह पीएम की सुरक्षा में एक गंभीर चूक का मामला है। भटिंडा से हुसैनीवाला जाते समय जिस तरह से एक फ्लाईओवर पर प्रधानमंत्री बीस मिनट तक फंसे रहे और फिर मजबूरन उन्हें अपनी फिरोजपुर रैली के कार्यक्रम को रद्द कर वापस लौटना पड़ा उस दौरान उनके साथ कोई भी अप्रिय और अनहोनी घटना हो सकती थी। यही कारण है कि इस घटना के बाद खुद पीएम मोदी को पंजाब के पुलिस अफसरों को यह कहना पड़ा कि शुक्रिया अपने सीएम को कहना मैं जिंदा वापस लौट आया। इस घटना को सही मायने में हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। यही कारण है कि इस मामले को लेकर गृह मंत्रालय की सख्त और तल्ख प्रक्रिया सामने आई है और शाह ने दोषियों को न बख्शे जाने की बात कही है तथा यह प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। जिस जगह यह घटना हुई वह पंजाब प्रांत आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र होने के साथ-साथ पाकिस्तान की सीमा से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर है। लिहाजा घटना का कारण चाहे जो भी रहा हो लेकिन इसके संभावित गंभीर परिणामों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यह ठीक है कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण ध रने प्रदर्शन और प्रधानमंत्री से अपनी बात कहने का अधिकार सभी को है लेकिन उनका इस तरह रास्ता रोका जाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। गृह मंत्रालय ने पंजाब की चन्नी सरकार से इस घटना पर जानकारी और रिपोर्ट मांगी गई है। सरकार अपने कुछ पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त या निलंबित कर मामले से पल्ला नहीं झाड़ सकती है क्योंकि पीएम की सुरक्षा का जिम्मा भी उस राज्य पुलिस का होता है जहां पीएम जाते हैं। रही बात किसान आंदोलन और कृषि कानूनों की तो जब केंद्र सरकार इन कानूनों को वापस ले चुकी है तो इस तरह पीएम के काफिले का रास्ता रोकने का क्या औचित्य हो सकता है इसके पीछे कहीं कोई बड़ा षड्यंत्र तो नहीं था? इसकी उच्च स्तरीय जांच जरूरी है। देश पहले भी सुरक्षा खामियों के कारण अपने एक प्रधानमंत्री और एक पूर्व प्रधानमंत्री को खो चुका है लिहाजा हमें इतिहास से सबक लेने की जरूरत है जिससे इस तरह की दुखद घटनाओं से फिर कभी दो-चार न होना पड़े। हां सबसे दुखद पहलू इस घटनाक्रम का यह है कि इस अति संवेदनशील वाक्ये पर राजनीति की जा रही है। भाजपा के नेता जिस तरह कांग्रेस पर उसके खूनी खेल में असफल होने का आरोप लगा रहे हैं वह भी ठीक नहीं कहा जा सकता है भले ही पंजाब में कांग्रेस की सरकार है तथा भाजपा और कांग्रेस राजनीति के अखाड़े में प्रतिद्वंदी हैं। लेकिन राजनीति और प्रधानमंत्री की सुरक्षा दोनों अलग-अलग मुद्दे हैं। देखना होगा कि इसकी जांच में क्या कुछ निकल कर सामने आता है? लेकिन उम्मीद की जानी चाहिए सच सामने आएगा।

# फिसलती जुबान की ऊंच-नीच

बलदेव राज भारतीय

कभी-कभी सोचता हूं कि मैं कुछ भी उलटा-सीधा ऊटपटांग न लिखूं। पर क्या करूं मैं? आजकल हमारे देश के नेता चाहे वे किसी भी दल से संबंधित हों, जब किसी ऊंट पर अपनी टांग रख देते हैं तो मैं भी कुछ ऊटपटांग लिखने के लिए बाध्य हो जाता हूं। अब देखिए न, हमारे राहुल भैया राजस्थान गए थे महंगाई रैली को संबोधित करने। लेकिन महंगाई को कोसते-कोसते हिंदू और हिंदुत्व को कोस आए। आप बिल्कुल भी बुरा न मानिए। राहुल गांधी एक बहुत अच्छे और भले व्यक्ति हैं, मृदुभाषी हैं। मगर उनका व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा है।

मां अच्छी होती है लेकिन ममता बहुत बुरी चीज है। शायद अब आप लोग समझ गए होंगे कि ममता कांग्रेस से नाराज क्यों हो गई? बिल्कुल वैसे ही जैसे हिंदू अच्छा है और हिंदुत्व बहुत बुरा। इसमें राहुल गांधी की कोई गलती नहीं, घटनाएं जो ऐसी परिस्थितियां पैदा कर देता है कि पैर पर कुल्हाड़ी मारने की बजाय राहुल जी कुल्हाड़ी पर ही पैर मार बैठते हैं।

जुबान किसी की भी हो, फिसल ही जाती है। आखिर चमड़े की ही तो होती है और नेताओं का तो जन्मसिद्ध अधिकार है जुबान को चिकना रखने का और फिसलाने का। राजस्थान के एक नेता ने तो राजस्थान की सड़कों को कैटरीना कैफ के गालों की तरह बनाने के लिए कह दिया। पहले हेमामालिनी के गालों जैसा बनाने के लिए कह दिया था। परंतु उसे ध्यान में आया कि हेमामालिनी तो उसकी मां की उम्र की है तो अपनी भूल-सुधार कर हेमामालिनी का पद कैटरीना को थमा दिया। अगर वह सड़क कैटरीना के गालों जैसी नहीं बनी तो राजस्थान के लोग इस नेता पर मुकदमा अवश्य ठोकें। राजस्थान के इस नेता ने ऊंट पर टांग इसलिए रख दी कि ऊंट राजस्थान का जहाज है और उसे अवश्य पहचान लेगा और तब तक करवट नहीं बदलेगा जब तक वो नहीं चाहेगा।

एक और महान जनप्रतिनिधि के बलात्कार के विषय में उच्च विचार जानकर ऊंट को भी शर्म आ गई और उसने लंबी गर्दन वाले जिराफ से कहा कि इस महान हस्ती की टांग को अपनी गर्दन पर रख कर जरा पेड़ों की ऊंची टहनी की सैर कराना। इतना कुछ ऊटपटांग पढ़ने के लिए आपके साहस को सलाम।

# नागरिकों में फाइनेंशियल लिटरेसी जरूरीः राज्यपाल

नगर संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में उत्तराखंड में भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों ने मुलाकात की।



राज्यपाल ने आईआरएस अधिकारियों से उत्तराखंड में राजस्व से संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा चुनौतियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने कहा कि लोगों को टैक्स भुगतान को नागरिक जिम्मेदारी मानना चाहिए। जनमानस मे टैक्स भुगतान के प्रति सिविक सेंस विकसित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि हर नागरिक को वित्तीय रूप से साक्षर किया जाना चाहिए। देश के विकास के लिए नागरिकों में फाइनेंशियल लिटरेसी बहुत जरूरी है। अर्थव्यवस्था को राष्ट्र भावना के साथ संचालित किया जाना चाहिए। आमजन में अर्थव्यवस्था की समझ पैदा होनी चाहिए। स्वदेशी, स्थानीय एवं ग्रामीण उत्पादों व शिल्पों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उत्तराखंड में पर्वतीय क्षेत्रों में माइक्रो फाइनेंसिंग के प्रति जागरूकता लाई जानी चाहिए।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने अधिकारियों से कहा कि उत्तराखंड में उन्हें यहां के पर्वतीय महिलाओं के आत्मविश्वास और जीवटता ने सबसे अधिक प्रभावित किया है। उत्तराखंड की महिलाओं की विश्वसनीयता और काबिलियत उच्च श्रेणी की है। उन्हें स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। उन पर पूर्ण विश्वास किया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य में महिलाओं, बालिकाओं तथा युवाओं को माइक्रो फाइनेंसिंग में साक्षर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय महिलाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना होगा। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण ही उनका वास्तविक सशक्तिकरण है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने आईआरएस अधिकारियों से कहा कि शीघ्र ही राजभवन में "माइक्रो फाइनेंसिंग के माध्यम से राज्य में महिला सशक्तिकरण" विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। इस सेमिनार में स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाएं, स्वरोजगार की इच्छुक महिलाएं, विभिन्न ऋण प्रदाता संस्थाएं, बैंक, मास्टर ट्रेनर तथा संबंधित विभाग प्रतिभाग करेंगे। राज्यपाल ने इस सेमिनार को सफल बनाने में आईआरएस अधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा की।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने आईआरएस अधिकारियों से नव वर्ष पर नई उर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ राज्य के विकास और प्रगति में सहयोग का आह्वान किया।

# जनपदों में चिकित्सा अवस्थापना को सक्रिय करें सभी डीएमः संधू

नगर संवाददाता

देहरादून। कोविड संक्रमण से बचाव एवं संक्रमण के प्रसार की रोकथाम हेतु मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन एसएस संधु द्वारा आयुक्त गढ़वाल एवं कुमाऊं सहित समस्त जिलाधिकारियों को अपने-अपने मण्डलों एवं जनपदों में चिकित्सा अवस्थापना सुविधाओं को सक्रिय करने एवं सख्ताई से कोविड गाइडलाइन का पालन करवाने के निर्देश दिए।



वीडियो कान्फ्रेसिंग के पश्चात जिलाधिकारी डा. आर राजेश कुमार ने एनआईसी हॉल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों को जनपद के सभी सीएचसी, पीएचसी चिकित्सालयों में कोविड उपचार एवं जांच से संबंधित सुविधाओं का परीक्षण करते हुए सभी सुविधाओं तथा मानव संसाधनों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

डीएम ने सीएमओ से सभी एमओआईसी को कान्टेक्ट ट्रेसिंग एवं आरटीपीसीआर व एन्टीजन सैम्पलिंग बढ़ाने हेतु निर्देशित करने को कहा। उन्होंने होम आईसोलेशन में रह रहे लोगों को प्रोटोकॉल का परिपालन करवाने के साथ ही नियमित मॉनीटिरिंग करवायी जाने तथा कन्ट्रोल रूम को एक्टिवेट रखते हुए फॉलोअप भी करें।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों को हल्के लक्षण दिख रहे हैं को होमआईसोलेशन में रखें तथा चिकित्सकों एवं स्टॉफ हेतु के होटल आदि अधिकृत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जनपद में कोविड संक्रमण की जांच करने हेतु चिकित्सालयों में पृथक से सैम्पलिंग बूथ तथा जनपद में सैम्पलिंग प्वाइंट बढ़ाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, मंडियों आदि स्थानों पर कोविड संक्रमण से बचाव हेतु जन जागरूकता संबंधी होर्डिंग स्थापित करने, बाजारों में अलाउंसमेन्ट करने, प्रचार सामग्री वितरित करने तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय जन प्रतिनिधियों यथा विधायकों, पार्षदों, ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम पंचायत सदस्यों सहित क्षेत्र एवं ग्राम के गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से लोगों को कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को वैक्सीनेशन ड्राईव चलाते हुए टीकाकरण कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बिना मास्क के घूम रहे व्यक्तियों पर चालान की कार्यवाही करते हुए मास्क वितरित करने तथा पुनर्रावृत्ति होने पर निर्धारित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही अमल में लाने की चेतावनी देने के निर्देश दिए।

एनआईसी सभागार में एसएसपी जन्मेजय खण्डूरी, मुख्य विकास अधिकारी नितिका खण्डेलवाल, सीएमओ डा. मनोज उप्रेती, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दिनेश चौहान, डा. राजीव दीक्षित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

त्वं हि क्षैतवद्यशोऽग्ने मित्रो न पत्यसे।
त्वं विचर्षणे श्रवो वसो पुष्टिं न पुष्यसि।।

(ऋग्वेद ६–२–१)

हे ज्ञान का प्रकाश प्रदान करने वाले विद्वानों ! आप सूर्य के सदृश्य हैं। आप सत्य धन के स्वामी हैं। आप हमारे पर्यवेक्षक हैं। आप हमारे ज्ञान और पोषण दोनों में वृद्धि करते हैं।

O scholars who impart the light of knowledge ! You are like the sun. You are the master of true wealth. You are our observers. You enhance our knowledge and nourishment.

(Rig Veda 6-2 -1)




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) श्री विनोद कुमार सिंघल के नेतृत्व में आई.एफ.एस. एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वन संपदा, वन्य जीव संरक्षण एवं अन्य कार्यों के लिये वन विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कार्यों की पेंडेंसी को कम से कम करने का प्रयास करें।

# हर गांव को सड़क से जोड़ा जायेगा: गंगोला

संवाददाता

बेरीनाग । गंगोलीहाट विधानसभा के हर गांव को सडक जोड़ने का कार्य किया जा रहा है यह बात उडियारी तमकिरौडा चौकोडी मोटर मार्ग के उद्घाटन के मौके पर विधायक मीना गंगोला ने कही।

विधायक मीना गंगोला ने बताया की विधानसभा के पांच दर्जन सडकों को विधायक निधि से काटकर ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है गांव में सडक की सुविधा होने से गांव का विकास होगा और गांव में सभी सुविधाएं मिलेगी।

इस मौके पर उन्होंने की समस्याओं को सुना और मौके पर समाधान भी किया और बताया की शीघ्र उडियारी चौकोडी लिंक मार्ग में डामरीकरण कार्य भी किया जायेगा। विधायक ने केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इससे पूर्व में गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला, ग्राम प्रधान उडियारी दीपा देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्मला चुफाल, जिला पंचायत सदस्य नंदन बाफिला, हरीश कोंरगा, हरीश चुफाल,कल्याण सिंह महरा, रमेश राम, गोकुल गंगोला सहित आदि मौजूद थे।



# दस फीसदी क्षैतिज आरक्षण पर आंदोलनकारियों को दी बधाई

नगर संवाददाता

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप ने धामी सरकार द्वारा राज्यपाल से हस्ताक्षर किए जाने हेतु पुनः अनुरोध किए जाने के फैसले का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि अब भी चुनाव आचार संहिता लगने से पहले राज्यपाल विधेयक पर हस्ताक्षर कर देते हैं तो राज्य आंदोलनकारियों के प्रति यह सरकार की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि 10 प्रतिशत आरक्षण को लागू करने में भाजपा की कोई भूमिका नहीं थी। यह उनका और पूर्व सीएम हरीश रावत का प्रयास था।

उन्होंने राज्य आंदोलनकारियों से कहा कि वर्ष 2016 में गैरसैंण विधानसभा सत्र में आरक्षण के इस विधेयक को पास कराने के बाद लगातार उन्होंने 6 साल की लड़ाई लड़ी और तब जाकर अब सरकार के कानों पर जूं रेंगी। उन्होंने राज्य आंदोलनकारी क्रांति कुकरेती और अन्य आंदोलनकारियों को भी इस सफलता पर बधाई दी। साथ ही यह भी कहा कि यदि सरकार ने इस मामले में धोखा दिया तो राज्य के तमाम आंदोलनकारियों को फिर से नए संघर्ष के लिए तैयार रहना चाहिए।

# नई टिहरी में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत की

नई टिहरी (आरएनएस)। सेवा टीएचडीसी के तत्वावधान में हितायु लोक कल्याण समिति नागनी ने चंबा के नागदेव पथल्ड में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ किया।

प्रशिक्षण केंद्र को लेकर जानकारी देते हुए समिति के सचिव दिवाकर पैन्यूली ने कहा कि यहां पर ६ माह का निशुल्क प्रशिक्षण ३० महिलाओं को दिया जायेगा। जिससे उनकी आजीविका मजबूत होगी। इस मौके पर स्यूल प्रधान अनीता कुड़ियाल, चिंता देवी, राजेंद्र बिजल्वाण, त्रिलोक सिंह, सरिता देवी, प्रमिला चौहान, पपेंद्र गुसाईं, अनीता पैन्यूली, उमा देवी, प्रर्मिला, शिवानी, शैला, विमला आदि मौजूद रहे।

# रुद्रप्रयाग जिले में बनेंगे दो सखी पोलिंग बूथ

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। आगामी विधान सभा निर्वाचन में जेंडर समानता व महिलाओं की निर्वाचन में भागीदारी को देखते हुए रुद्रप्रयाग जिले में दो महिला प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। केंद्रों का नाम ३सखी३ पोलिंग बूथ रखा जाएगा। इन बूथों का पूरा प्रबंधन महिला कार्मिकों द्वारा किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिला मजिस्ट्रेट दीपेंद्र सिंह नेगी ने रिटर्निंग ऑफीसर सहित अन्य अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के चलते जिले की दोनों विधान सभा क्षेत्रों में एक–एक पोलिंग बूथ स्थापित होंगे जिनमें पूरा प्रबंधन महिला कार्मिकों के जिम्मे होगा। इन मतदान केंद्रों को सखी पोलिंग बूथ के नाम से जाना जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जेंडर समानता व महिलाओं की निर्वाचन में भागीदारी करने के उद्देश्य से महिला प्रबंधित मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

इन मतदान केंद्रों में निर्वाचन के दौरान समस्त मतदान स्टाफ, पुलिस व सुरक्षाकर्मी महिला ही तैनात किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दोनों विधानसभाओं के रिटर्निंग ऑफीसरों को उनसे संबंधित विधानसभा में एक–एक सखी पोलिंग बूथ चयन करने के निर्देश दिए। साथ ही नोडल अधिकारी कार्मिक से भी सखी पोलिंग बूथों के लिए कार्मिकों की तैनाती एवं अन्य व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने को कहा। नोडल अधिकारी कार्मिकों को भी सखी पोलिंग बूथों पर तैनात होने वाली महिला कार्मिकों के लिए प्रशिक्षण आदि के लिए पूरी तैयारियां करने के निर्देश दिए हैं।

# सरकारी संपत्ति से अतिक्रमण हटाने को दिया ज्ञापन

नगर संवाददाता

देहरादून। युवा कैंट समिति ने गढ़ी कैंट में सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण पर कार्यवाही करने और सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर छावनी परिषद अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन माध्यम से समिति ने कहा है कि डाकरा–गढ़ी सड़क के किनारे अवैध रूप से 400 से अधिक ठेले व खोखे बने हुए हैं जो यातायात में बाधक साबित होते हैं। जबकि छावनी बोर्ड द्वारा ठेली वालों को फेरी के लिए लाईसेंस जारी कर 20 रूपये प्रतिदिन तह बाजारी शुल्क लिया जाता है।

कहा कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय नैनीताल द्वारा जनहित याचिका मनमोहन लखेड़ा बनाम उत्तराखण्ड सरकार में 18 जुलाई 2018 को आदेश पारित कर देहरादून जिले में अतिक्रमण हटाने हेतु सरकार को कहा गया था। यह आदेश छावनी परिषद देहरादून पर भी पूर्णतः प्रभावी व लागू है परन्तु छावनी परिषद देहरादून के अधिकारियों द्वारा इन आदेशों का पालन नहीं किया जा रहा है।

कहा कि जनहित में इस मामले पर अपने स्तर पर ठोस नीति एवं इच्छा शक्ति रखते हुए क्षेत्र का यातायात सुचारू बनाने हेतु सार्वजनिक सम्पत्ति से अतिक्रमण, अवैध निर्मित खोखों को हटाते हुए अवैध रूप से संचालित सब्जी मंडी को एक स्थान निर्धारित कर स्थानांतरित किया जाए। ज्ञापन देने वालों में समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार कश्यप व संयुक्त सचिव शैलेंद्र गुरूंग शामिल रहे।

# जूपी ने जियो के साथ अहम साझेदारी की घोषणा की

नगर संवाददाता

देहरादून। स्किल–बेस्ड कैजुअल गेमिंग कंपनी जूपी ने जियो प्लेट फॉर्म्स लिमिटेड के साथ पहली अहम साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी एक ऐसी प्रणाली का निर्माण करेगी जिसके तहत जूपी के प्रोडक्ट्स एवं सर्विसेज के प्रभावी विकास और वितरण को सुनिश्चित किया जा सकेगा। इस साझेदारी के द्वारा जियो के यूजर जूपी के ऑनलाईन स्किल बेस्ड गेम्स तथा जूपी द्वारा विकसित अन्य आधुनिक प्रोडक्ट्स को एक्सेस कर सकेंगे। जूपी के संस्थापक एवं सीईओ दिलशेर सिंह ने इस संबंध में बताया कि जूपी हमेशा से व्यवहार विज्ञान, मनुष्य की प्रेरणा और संस्कृति को प्राथमिकता देने वाले प्लेटफॉर्म के रूप में काम करता रहा है। इस नई साझेदारी के तहत कई भाषाओं में अधिक गुणवत्ता पूर्ण गेम्स को अधिक से अधिक यूजर्स तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी ताकि जूपी को भारत के सबसे बड़े गेमिंग प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित करने और इंडिया को भारत के साथ कनेक्ट करने की महत्वाकांक्षा को पूरा किया जा सके।

# डीसीए उत्तराखंड की सालाना बैठक 9 जनवरी को

नगर संवाददाता

देहरादून। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के अध्यक्ष तारा सिंह ने जानकारी दी है कि सालाना बैठक 9 जनवरी को अमोला होटल बंगाली कोठी देहरादून में रखी गई है। उन्होंने बताया कि इस बैठक में टीम के चयन एवं 21 जनवरी से हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बीच होने वाले तीसरे टी–20 क्रिकेट मैच का आयोजन कराने पर रणनीति बनाई जाएगी। वरिष्ठ क्रिकेट कोच प्रसनजीत बोस व संजय गौड़ टीम के मुख्य चयनकर्ता होंगे।

# तमंचे व कारतूस सहित दो गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

रुड़की। वारदात की फिराक में घूम रहे बाइक सवार दो बदमाशों को पुलिस ने कल देर शाम चैकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद किये है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली रूड़की पुलिस द्वारा क्षेत्र में चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस को नहर पटरी के पास कलियर की तरफ से आते हुए बाइक सवार दो संदिग्ध दिखायी दिये। पुलिस ने जब उन्हे रूकने का इशारा किया तो वह बाइक मोड़कर भागने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किये। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम दीपक पुत्र अतर सिंह निवासी देहरी, थाना रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर, व हाल निवासी जगजीतपुर, निरंजनी अखाड़े के सामने थाना कनखल व हिमांशु पुत्र नौरत्न निवासी ग्राम कुतुब खेड़ी थाना गंगोह जिला सहारनपुर बताया। पुलिस ने उन्हे सम्बन्धित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

बेरीनाग। बेलडाआगर गांव में पिछले एक वर्ष से लगातार पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और बताया की गांव में एक वर्ष से पानी कि किल्लत चल रही है गांव जल संस्थान और जल निगम की पेयजल लाइनें है और हर घर नल जल योजना होने के बाद भी ग्रामीणों को पानी नही मिल रहा है यदि शीघ्र गांव में पेयजल व्यवस्था को सुचारू नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान ममता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन आगरी, सुंदर राम, नंदन सिंह,मोहित, शंकर, जीवन, कौशल्या देवी, सुनीता देवी सहित आदि मौजूद थे।



# रोजाना सुबह के समय करें ये एक्सरसाइज, मिलेंगे कई स्वास्थ्य लाभ

कई अध्ययनों में इस बात का जिक्र मिलता है कि सुबह के समय की गई एक्सरसाइज के कारण व्यक्ति खुद को तरोताजा और ऊर्जा से भरपूर महसूस करता है। वहीं, विशेषज्ञों के मानें तो सुबह के समय एक्सरसाइज करने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी कई तरह के लाभ मिलते हैं। आइए आज हम आपको कुछ आसान मॉर्निंग एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जो आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकती हैं।

कैट कैमल स्ट्रेच एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर घुटनों को टेक के अपने दोनों हाथों को जमीन पर रख लें। अब सांस लेते हुए कमर को नीचे की ओर करें और गर्दन को ऊपर उठाएं। कुछ सेकंड इस अवस्था में बने रहें। इसके बाद सांस छोड़ते हुए रीढ़ को ऊपर करें और गर्दन को नीचे की ओर झुकाएं। एक से दो मिनट तक इस एक्सरसाइज को इसी तरह दोहराते रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य हो जाएं।

पैदल चलना

नियमित रूप से कुछ मिनट पार्क या फिर गलियों में पैदल चलना विभिन्न स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है। इससे आपकी हड्डियों में मजबूती और मांसपेशियों में लचीलापन आ सकता है। वहीं, हृदय को स्वस्थ रखने और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में भी यह काफी मददगार है। अगर आप नियमित रूप से अपनी गति में वृद्धि करते है तो ही आपको अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि आप दौड़ना शुरू कर दें।

लंज एक्सरसाइज

सबसे पहले जमीन पर सीधे खड़े होकर अपने दाएं पैर को आगे बढ़ाएं और उसको घुटनों से मोड़ते हुए ९० डिग्री का कोण बनाएं। अब बायां पैर पीछे के ओर सीधा करें और दोनों पैरों के बीच में कम से कम दो-तीन फीट की दूरी कायम करें। कुछ सेकेंड इसी स्थिति में रहने के बाद खुद को ऊपर की ओर उछालें। इससे आप प्रारंभिक स्थिति में आ जाएंगे। इसे रेप्स कहते हैं। इसी तरह दोनों पैर से 12-15 रेप्स करें।

जंपिंग जैक एक्सरसाइज

जंपिंग जैक एक्सरसाइज करने के लिए सबसे पहले जमीन पर सावधान मुद्रा में खड़े हो जाएं, फिर पैरों को अपने कूल्हों की चौड़ाई के बराबर खोलें। इसके बाद कूदें और इस दौरान अपने हाथों को अपने सिर के ऊपर ले जाते हुए मिलाएं, फिर से कूदें और अपनी बाजुओं को नीचे लाने के साथ ही पैरों को एक साथ चिपकाएं। कुछ सेकेंड के बाद आप अपनी प्रारंभिक स्थिति में आ जाएं और इस क्रिया को बार-बार दोहराएं। (आरएनएस)

# बच्चों के लिए खतरनाक है मोबाइल और लैपटॉप!

अगर आपका बच्चा भी मोबाइल, लैपटॉप, टैब के बिना कुछ देर भी नहीं रह पाता, तो सतर्क हो जाइए क्योंकि यह छोटी सी लापरवाही आपके और आपके बच्चे के लिए बड़ी मुसीबत ला सकती है। दरअसल अधिक स्क्रीन देखने के आदी हो चुके बच्चे अपनी उम्र के हिसाब से अधिक एग्रेसिव और चिड़चिड़ेपन के शिकार हो रहे हैं। यही नहीं, उनमें डिप्रेशन अनिद्रा जैसी मानसिक समस्याएं भी देखने को मिल रही है।

अधिक मोबाइल अथवा लैपटॉप के साथ समय बिताने की वजह से बच्चों की आंखों, गर्दन, सिर आदि में दर्द भी आम समस्या है। विशेषज्ञ यह भी मान रहे हैं कि अगर बच्चों की इस आदत में तुरंत सुधार नहीं किया गया तो आगे चल कर वह एंटीसोशल और एंटी सोशल भी हो सकते हैं। ऐसे में यहां आपको कुछ ऐसे उपाय बताए जा रहे हैं जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चों की इस आदत से बाहर आने में मदद कर पाएंगे। बच्चे अपने माता पिता की परछाई होते हैं। उन्हें अपने पेरेंट्स की नकल करना बहुत ही अच्छा लगता है। ऐसा कहा जा सकता है कि बच्चे पहली बार मोबाइल या लैपटॉप को अपने पेरेंट्स की नकल करते करते ही उठाते हैं। ऐसे में काम के अलावा भी अगर आप मोबाइल में लगे रहते हैं तो सबसे पहले अपनी आदत बदलें। बच्चों के लिए वक्त निकालें और मोबाइल पर बिना मतलब समय बिताने की जगह बच्चों के साथ खेलें। तीन-चार साल के बच्चों को बचपन से ही अपने साथ छोटे मोटे काम में व्यस्त रखें। गमले में पानी डालना, डस्टिंग, कपड़े तह करना, उन्हें सही जगह पर रखना जैसे काम उन्हें बहुत ही पसंद आते हैं। उनकी गलतियों को एन्जॉय करें और उन्हें भी यह एहसास दिलाएं कि वह कितने हेल्पिंग हैं। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर भी बनेंगे।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# अगर आप पैरो के दर्द से है परेशान, तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



टांगों में दर्द की शिकायत अक्सर ही लोग करते हैं। ये तकलीफ किसी भी उम्र के व्यक्ति को परेशान कर सकती है। इस दर्द की कई वजह हो सकती हैं। इनमें मांसपेशियों में अकड़न, शरीर में पानी की कमी, लम्बे समय तक एक ही मुद्रा में बैठे रहना, पोषण की कमी और टांगों में कमजोरी होने जैसी कई और वजह भी शामिल हैं। कई बार ये दर्द इतना ज्यादा होता है जिसे बर्दाश्त करना मुश्किल हो जाता है। इस दर्द से राहत पाने के लिए आप इन घरेलू तरीकों को अपना सकते हैं।

1. बर्फ से सिकाई - टांगों के दर्द से राहत पाने के लिए आप बर्फ से सिकाई कर सकते हैं। इसके लिए आप एक सूती और मुलायम कपड़ा लेकर इसमें कुछ आइस क्यूब रख लें। फिर इससे करीब दस-पंद्रह मिनट तक टांगों की सिकाई करें। अगर आप चाहें तो बर्फ की जगह ठंडी पट्टी की मदद भी ले सकते हैं।

मसाज करें - टांगों के दर्द से राहत पाने के लिए आप रात को सोने से पहले अपनी टांगों की मसाज करें। आप इसके लिए जैतून का या नारियल का तेल लेकर उसको हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से टांगों की मसाज करें। अगर आपके दर्द की वजह मांसपेशियों की तकलीफ है, तो ये तरीका और भी जल्दी फायदा करेगा।

अदरक इस्तेमाल करें - अदरक को भी आप टांगों में दर्द से राहत पाने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पानी को गर्म करें और इसमें अदरक के कुछ स्लाइस डाल दें। फिर इस पानी में किसी कपड़े को डुबोकर इससे सिकाई करें। अदरक में एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण पाया जाता है, जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करता है।

नमक के पानी से सिकाई - सेंधा नमक का इस्तेमाल भी आप टांगों के दर्द से निजात पाने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए आप किसी बर्तन में पानी गर्म करके इसमें दो-तीन चम्मच सेंधा नमक मिला लें। फिर इस पानी में कपड़ा भिगोकर दर्द वाली जगह पर सिकाई करें। नमक में मैग्नीशियम पाया जाता है। जो नर्वस सिग्नल्स को कंट्रोल करके मसल्स के दर्द में नेचुरल तरीके से राहत पहुंचाता है।(आरएनएस)

# कियारा बैकलेस रास्पबेरी पिंक ऑर्गेंजा लहंगे में लगी बेहद खूबसूरत

बॉलीवुड डिवा कियारा आडवाणी ने बैकलेस गुलाबी लहंगा सेट में अपने शानदार लुक के साथ इंटरनेट पर आग लगा दी.

पिंक को एक एटीट्यूड बनाते हुए कियारा ने फैशन गेम को बैकलेस ब्लाउज और रास्पबेरी पिंक और क्रीम ऑर्गेंजा लहंगे में पेश किया और हम अगले ट्रैडिशनल आउटिंग में इस स्टाइल को सिजलिंग के लिए बुकमार्क कर रहे हैं. उनके लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों ने इंटरनेट पर बाढ़ ला दी है और उन्हें एथनिक वियर में एक सेक्सी स्पिन देते हुए दिखाया है.

तस्वीरों में अभिनेत्री ने एक बोल्ड प्लंज नेकलाइन ब्लाउज पहना, जो चौड़ी पट्टियों के साथ आया था और ओम्फ फैक्टर में जोड़ने के लिए एक बैकलेस डिटेल था. गुलाबी बेस वाली चोली में कौड़ी के गोले के साथ अहीर और मिरर हाथ की कढ़ाई थी. इसे एक हाई-वेस्ट वाले लहंगे के साथ जोड़ा गया था जो कि रास्पबेरी गुलाबी बेस में आया था और इसके रिच रूप को बढ़ाने के लिए अहीर और मिरर हैंड की कढ़ाई को स्पोर्ट किया था.

कियारा ने इसे शीयर पिंक दुपट्टे के साथ लेयर किया था जो सिल्वर मोटिफ्स के साथ आया था और बॉर्डर पर मिरर वर्क लेस चल रहा था. मिड-पार्टेड हेयरस्टाइल में अपने रेशमी बालों को पीछे छोड़ते हुए, कियारा ने अपने लुक को एक ब्रेसलेट और अनमोल के चोकर सेट के साथ एक्सेसराइज किया, जिसमें बेहतरीन मोती, पन्ना और बिना कटे हीरे लगे थे.

गुलाबी रंग के लिप ग्लॉस के साथ कियारा ने गुलाबी ब्लश और हाइलाइट किए हुए गालों, मस्कारा से लोडेड पलकों और भरी हुई भौहों के साथ ग्लैम भागफल को बढ़ाया. कैमरे के लिए आकर्षक पोज देते हुए कियारा ने अपनी वायरल तस्वीरों पर फैंस को एक गॉर्जियस वाइब दिया, जिसने जल्द ही इंटरनेट पर तहलका मचा दिया. इस ड्रेस का क्रेडिट भारतीय फैशन डिजाइनर, अर्पिता मेहता के एपोनिमस लेबल को दिया जाता है, जो मिनिमलिस्ट लेकिन फैशन-फॉरवर्ड ड्रेस का दावा करता है, जिसमें एथनिक और कंटेंपररी डिजाइनों का एक सहज मिक्सचर होता है और फेमिनाइज सिल्हूट को बढ़ाता है. (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य - 82


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | ज्ञ | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

# दुलकर सलमान की फिल्म हे सिनामिका का पोस्टर रिलीज

मलयालम फिल्मों के मशहूर अभिनेता दुलकर सलमान हाल ही में फिल्म कुरूप में नजर आए थे, जिसमें एक बार फिर उन्होंने अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया था। उनकी आने वाली फिल्मों का भी फैंस को बेसब्री से इंतजार है। हे सिनामिका दुलकर की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब इस फिल्म से दुलकर की पहली झलक सामने आ गई है। सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर वायरल हो रहा है। दुलकर ने तमिल फिल्म हे सिनामिका का पोस्टर इंस्टाग्राम पर फैंस के साथ शेयर किया है। उन्होंने लिखा, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। पेश है हे सिनामिका का सुपर कलरफुल फर्स्ट लुक। दुलकर ने बताया कि फिल्म में उनके किरदार का नाम याजन है और यह जानकारी भी दी कि उनकी यह फिल्म सिनेमाघरों में इससाल 25 फरवरी को रिलीज होने वाली है। फिल्म से दुलकर की पहली झलक अभिनेता राणा दग्गुबाती ने भी सोशल मीडिया पर साझा की है। फिल्म का निर्देशन वृंदा गोपाल कर रही हैं, जो एक जानी-मानी कोरियोग्राफर हैं। वह इस फिल्म से निर्देशन की दुनिया में कदम रख रही हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म जिओ स्टूडियोज के बैनर तले बन रही है। इस फिल्म का नाम मणिरत्नम और दुलकर सलमान की रोमांटिक फिल्म ओके कनमनी के एक लोकप्रिय गीत से लिया गया है। फिल्म की घोषणा पिछले साल मार्च में हुई थी। इसके बाद चेन्नई में इसकी शूटिंग शुरू हुई थी।

इस फिल्म की कहानी एक कपल के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें दुलकर और अदिति राव हैदरी ने पति-पत्नी की भूमिका निभाई है, जो पांच साल साथ रहने के बाद एक-दूसरे से अलग रहने का फैसला करते हैं। फिल्म में काजल अग्रवाल भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म इसी साल फरवरी में आने वाली थी। फिर इसे जुलाई और नवंबर में रिलीज करने की बात हुई और अब फिल्म की रिलीज अगले साल फरवरी तक के लिए टल गई है। फिल्म हे सिनामिका के जरिए दुलकर सलमान, अदिति राव हैदरी और काजल अग्रवाल ने पहली बार साथ काम किया है। गीतकार मदन कार्की ने फिल्म की कहानी लिखी है। वह इससे पहले एंथिरन, 2.० और बाहुबली जैसी बड़ी फिल्मों के लिए डायलॉग लिख चुके हैं। दुलकर मलयालम फिल्मों के बड़े अभिनेता हैं। वह बॉलीवुड फिल्म कारवां व जोया फैक्टर का भी हिस्सा रह चुके हैं और हिंदी पट्टी के ज्यादातर दर्शक उन्हें इन्हीं फिल्मों से जानते हैं। दुलकर जल्द ही निर्देशक आर बाल्की की फिल्म में सनी देओल के साथ नजर आएंगे। उन्हें मलयालम फिल्म सैल्यूट में देखा जाएगा। इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम भी दुलकर ही संभाल रहे हैं। वह इन दिनों युद्धम थो रसीना प्रेम कथा की भी शूटिंग कर रहे हैं।

# कोरोना संक्रमित होने के चलते शनाया कपूर की डेब्यू फिल्म की शूटिंग टली

कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट के सामने आने के बाद मनोरंजन जगत पर इसका असर दिखना फिर से शुरू हो गया है। हाल में दिग्गज अभिनेता संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर के कोरोना संक्रमित होने के बाद उनकी बेटी शनाया कपूर का कोरोना टेस्ट भी पॉजिटिव आया था। अब जानकारी सामने आ रही है कि कोरोना वायरस से संक्रमित होने के चलते शनाया की डेब्यू फिल्म की शूटिंग टल गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, शनाया के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद उनकी डेब्यू फिल्म की शूटिंग टल गई है। एक सूत्र ने कहा, शनाया दो लीड कलाकारों लक्ष्य लालवानी और गुरफतेह पीरजादा के साथ इस रोमांटिक कॉमेडी को शुरू करने के लिए बैंकॉक जाने को तैयार थीं। हाल में अभिनेत्री के कोरोना संक्रमित होने के बाद सारी योजनाओं को ठप्प कर दिया गया है। सूत्र की मानें तो अब इस फिल्म की शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू होगी।

कहा जा रहा है कि शनाया फिलहाल होम क्वारंटाइन में हैं और टीम को फिल्म की शूटिंग की कोई जल्दबाजी नहीं है। खबरों की मानें तो बैंकॉक में इस मैराथन शेड्यूल की तैयारी शुरू हो चुकी थी। चूंकि, फिल्म का आधा क्रू पहले से ही थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में तैनात है। इस सप्ताह शनाया, लक्ष्य और गुरफतेह के साथ एक और टीम रवाना होने वाली थी। अब बाकी टीम भी मौजूदा हालात को देखते हुए मुंबई लौट जाएगी।

शनाया ने अपने कोरोना संक्रमित होने की जानकारी इंस्टाग्राम पर दी थी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा था, मैं कोरोना पॉजिटिव पाई गई हूं। मुझमें हल्के लक्षण पाए गए हैं और मैं ठीक महसूस कर रही हूं। मैंने खुद हो आइसोलेट कर लिया है। चार दिन पहले किए गए टेस्ट में मेरी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। एहतियातन जब दोबारा टेस्ट करवाया, तो रिपोर्ट पॉजिटिव आई। मैं डॉक्टर द्वारा सुझाए गए प्रोटोकॉल का पालन कर रही हूं।

फिल्म में शनाया के साथ गुरफतेह और लक्ष्य भी लीड रोल में नजर आएंगे। करण जौहर इस फिल्म में शनाया के साथ लक्ष्य को भी लॉन्च करने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग जुलाई में शुरू होने वाली थी। उस वक्त भी कोरोना की दूसरी लहर के कारण फिल्म के प्रोजेक्ट में देरी हुई थी। फिल्म की कहानी शहरी लव ट्राएंगल पर आधारित होगी। हाल में रिपोर्ट आई थी कि फिल्म का शीर्षक दोनों मिले इस तरह रखा गया है।

# विजय देवरकोंडा के साथ काम करना चाहती हैं सारा अली खान



सारा अली खान आनंद एल राय की फिल्म अतरंगी रे को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। फिलहाल वह अपनी इस फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार और साउथ सुपरस्टार धनुष नजर आएंगे। इस फिल्म में वह पहली बार किसी साउथ स्टार के अपोजिट भूमिका निभा रही हैं। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है कि वह साउथ के एक और दिग्गज अभिनेता विजय देवरकोंडा के साथ काम करना चाहती हैं।

सारा ने बताया कि वह दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय के साथ काम करना चाहती हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह धनुष के बाद किसी अन्य साउथ अभिनेता के साथ काम करना चाहेंगी। इसका जवाब देते हुए अभिनेत्री सारा ने कहा, मैं विजय के साथ काम करना चाहूंगी। वह एक महान और कूल इंसान हैं। वास्तव में वह हॉट हैं। अब देखना है कि सारा कि यह मुराद कब पूरी होती है।

अतरंगी रे के ट्रेलर में सारा के अंदाज को सराहा गया था। वह बिहार से ताल्लुक रखने वाली लड़की रिंकू के किरदार में नजर आएंगी, जिसकी तमिल लड़के विशु (धनुष) से जबरिया शादी होती है। इस फिल्म में सारा, अक्षय और धनुष दोनों से इश्क फरमाते हुए दिखेंगी। फिल्म पिछले साल 24 दिसबंर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुई। यह पहली बार है जब सारा फिल्ममेकर आनंद की किसी फिल्म में नजर आएंगी।

अतरंगी रे इस साल वैलेंटाइन डे पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से फिल्म की रिलीज स्थगित कर दी गई थी। इस फिल्म के जरिए अक्षय पहली बार सारा और धनुष के साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे।

विजय लाइगर को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनके साथ बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे भी नजर आएंगी। ऐसी चर्चा है कि यह फिल्म अगले साल 1 अप्रैल को दर्शकों के बीच आएगी। फिल्म को प्रोड्यूसर करण जौहर निर्मित कर रहे हैं। इस फिल्म के साथ विजय बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं। उन्हें अर्जुन रेड्डी, डिअर कॉमरेड और नोटा जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। फिल्म में विजय और अनन्या पहली बार स्क्रीन शेयर करते दिखेंगे।

सारा अभिनेता विक्की कौशल के साथ एक कॉमेडी फिल्म में नजर आ सकती हैं। लक्ष्मण उतेकर इस फिल्म का निर्देशन करेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, आनंद की फिल्म नखरेवाली में सारा अपनी मौजूदगी दर्ज करवा सकती हैं। ऐसी भी चर्चा है कि सारा, कार्तिक आर्यन के साथ पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में काम कर रही हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है।(आरएनएस)

# बोल बच्चन और ऑल द बेस्ट का सीक्वल बनाएंगे रोहित शेट्टी ?

रोहित शेट्टी के निर्देशन की हालिया रिलीज हुई फिल्म सूर्यवंशी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बाद यह बॉलीवुड की पहली फिल्म है, जिसपर दर्शकों ने दिल खोलकर प्यार लुटाया है। चर्चा रही है कि रोहित बोल बच्चन और ऑल द बेस्ट का सीक्वल बना सकते हैं। अब इसको लेकर उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी चुप्पी तोड़ी है।

रोहित ने बोल बच्चन और ऑल द बेस्ट के सीक्वल को लेकर प्रतिक्रिया दी है। जब उनसे पूछा गया कि क्या इन फिल्मों का सीक्वल बनेगा। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, नहीं, मुझे इस बात पर ध्यान देना होगा कि कोरोना महामारी के कारण इन दो वर्षों में थिएटर और इंडस्ट्री प्रभावित रहा। इन दो वर्षों से पहले भी मैंने कभी नहीं सोचा कि इन फिल्मों का सीक्वल बनेगा।

रोहित ने आगे कहा कि वह अपनी कॉप यूनिवर्स सिंघम 3 और गोलमाल फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं। कई लोग सिंघम 3 को अनुच्छेद 37० से जोड़कर देख रहे थे। उन्होंने इस खबर को पूरी तरह खारिज कर दिया। दरअसल, हाल में खबरें आई थीं कि रोहित की सिंघम 3 की कहानी अनुच्छेद 37० पर आधारित होगी। इस फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में नजर आने वाले हैं।

एक्शन कॉमेडी फिल्म बोल बच्चन 6 जुलाई, 2०12 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, अजय देवगन और प्राची देसाई जैसे कलाकार नजर आए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 235 करोड़ रुपये कमाए थे। ऑल द बेस्ट भी एक एक्शन कॉमेडी फिल्म थी, जो 2००9 में आई थी।

रोहित ने निर्देशक के तौर पर 2००3 में आई जमीन से करियर शुरू किया था। उन्होंने गोलमाल सीरीज, सिंघम सीरीज, सिम्बा और चेन्नई एक्सप्रेस जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। फिलहाल वह रणवीर सिंह के साथ अपनी अगली फिल्म सर्कस पर काम कर रहे हैं। वह इन दिनों अपनी पहली वेब सीरीज को लेकर भी चर्चा में हैं।

# नयनतारा ने अपना स्किन केयर ब्रांड किया लॉन्च

दक्षिण भारतीय सिनेमा की मशहूर अदाकारा नयनतारा को भला कौन नहीं जानता। उन्होंने अपनी शख्सियत से पूरे देश में एक अलग पहचान बनाई है। अभी उनके खाते में कई फिल्मों की लाइन लगी हुई है। लगता है जैसे कि एक्टिंग के अलावा उन्होंने बिजनेस में भी कुछ करने की ठान ली है। हाल में उन्होंने अपना प्रोडक्शन कंपनी लॉन्च किया था। अब उन्होंने अपना खुद का एक स्किन केयर ब्रांड द लिप बाम कंपनी लॉन्च किया है।

नयनतारा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर द लिप बाम कंपनी के बारे में जानकारी दी है। अपने इस नए कंपनी के लिए उन्होंने त्वचा विशेषज्ञ डॉक्टर रेनिता राजन के साथ हाथ मिलाया है। डॉक्टर रेनिता के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए नयनतारा ने प्रशंसकों के साथ खुशी बांटी है। रिपोर्ट की मानें तो यह दुनिया का सबसे बड़ा लिप बाम ब्रांड है। उनके इस ब्रांड में 1०० प्रकार का वेरिएंट शामिल होगा।

नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, सभी अच्छी चीजों में समय लगता है। डॉक्टर रेनिता और मैं आपके लिए द लिप बाम कंपनी को पेश करती हूं। यह ब्रांड 1०० से अधिक लिप बाम का कलेक्शन होगा।

साथ ही उन्होंने अपने इस नए ब्रांड की कई खासियत और अच्छी चीजें बताई हैं।

यह पहली बार नहीं है जब नयनतारा ने अपने बिजनेस से जुड़े प्रोजेक्ट में निवेश किया है। वह अपने मंगेतर विग्नेश शिवन के साथ मिलकर राउडी पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस भी चला रही हैं। इस बैनर तले फिल्म कूझंगल का भी निर्माण किया गया है। दोनों ने साथ मिलकर चेन्नई स्थित चाय वाले बेवरेज ब्रांड में भी निवेश किया है। इस अभिनेत्री ने चेन्नई स्थित रेस्तरां स्टार्ट-अप में भी पैसे लगाए हैं।

मालूम हो कि नयनतारा ने कैटरीना कैफ के के ब्यूटी ब्रांड को भी प्रमोट किया था। वह इस ब्रांड के प्रमोशन में व्यस्त नजर आई थीं। कैटरीना ने भी नयनतारा की तरह इंस्टाग्राम पर अपने ब्रांड को लॉन्च किया था।

नयनतारा हाल में फिल्म अन्नाथे में नजर आई हैं। इसमें उनके साथ साउथ सुपरस्टार रजनीकांत भी दिखे हैं। वह साउथ निर्देशक एटली की अगली फिल्म में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। ऐसी चर्चा है कि इस फिल्म में वह शाहरुख खान के अपोजिट दिखेंगी। वह चिरंजीवी अभिनीत फिल्म गॉडफादर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकती हैं।

# सेवा निर्यात से ओमीक्रोन संकट का सामना

भरत झुनझुनवाला

कोविड के ओमीक्रोन वेरिएंट के उत्पन्न होने से एक बार पुन: विश्व अर्थव्यवस्था पर संकट आ पड़ा है। अलग-अलग देशों में अलग-अलग समय पर लाकडाउन की स्थिति बन रही है। ऐसी स्थिति में जो देश दूसरे देशों से कच्चे माल के आयात अथवा उत्पादित माल के निर्यात पर निर्भर रहते हैं, उनका संकट बढ़ जाता है। हाल ही में एक कार निर्माता के एजेंट ने बताया कि अपने देश में गाड़ियों की खरीद की इस समय लगभग 6 से 8 महीने की वेटिंग लिस्ट हो गयी है। कारण यह है कि कार के उत्पादन में लगने वाला एक छोटा-सा 'सेमी कंडक्टर', जिसका मूल्य मात्र 2,000 रुपये है, वह भारत में नहीं बन रहा है और उसका आयात भी नहीं हो पा रहा है क्योंकि निर्यात करने वाले देशों में कोविड का संकट आ पड़ा है। इससे दिखाई पड़ता है कि कोविड के कारण उत्पादित माल का विश्व व्यापार संकट में है। यदि एक भी कच्चा माल उपलब्ध नहीं हुआ तो पूरा उत्पादन ठप हो जाता है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की पत्रिका 'फाइनांस एंड डेवेलपमेंट' के एक लेख में कहा गया है कि कोविड संकट के कारण तमाम देश उत्पादित माल वैश्वीकरण से पीछे हटेंगे। इसी क्रम में अपने देश में दवाओं के उद्योग पर भी वर्तमान में संकट है क्योंकि चीन से आयातित होने वाले कुछ कच्चे माल उपलब्ध नहीं हैं।

दूसरी तरफ हमारे निर्यात भी संकट में हैं क्योंकि इंग्लैंड और नीदरलैंड जैसे देशों में कोविड के कारण लाकडाउन की स्थिति बन रही है और उनके द्वारा हमारा माल खरीदा नहीं जा रहा है। इन संकटों की विशेषता यह है कि ये माल अथवा भौतिक वस्तुओं के व्यापार से उत्पन्न हुए हैं जैसे सिलिकॉन चिप या दवा के कच्चे माल, जिनकी ढुलाई एक देश से दूसरे देश में समुद्री जहाज अथवा हवाई जहाज से करनी होती है। माल का भौतिक उत्पादन जिस देश में होता है, यदि वह देश निर्यात न कर सके तो आयात करने वाले दूसरे देश पर संकट आ पड़ता है। इसलिए कोविड के कारण सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था चरमरा रही है।

तुलना में सेवा क्षेत्र की स्थिति अच्छी है। कारण यह कि सेवायें जैसे ऑनलाइन ट्यूशन, टेली मेडिसिन, अनुवाद, सिनेमा, संगीत, सॉफ्टवेयर इत्यादि के माल की ढुलाई समुद्री अथवा हवाई जहाज से करने की जरूरत नहीं होती है। इसकी ढुलाई इंटरनेट के माध्यम से हो सकती है। अत: किसी देश में यदि लाकडाउन लगा भी है तो कर्मी अपने घर में बैठकर इंटरनेट से इनका उत्पादन और सप्लाई अनवरत कर सकते हैं। इसलिए वर्तमान ओमीक्रोन के संकट को देखते हुए हमें भी सेवा क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत है।

मैन्युफैक्चरिंग और सेवा में दूसरा मूल अंतर सूर्योदय और सूर्यास्त का है। आज औद्योगिक देशों में सेवा क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में हिस्सा लगभग 90 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग का 9 प्रतिशत और कृषि का मात्र 1 प्रतिशत है। भारत में इस समय सेवा लगभग 60 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग लगभग 25 प्रतिशत और कृषि 15 प्रतिशत है। दोनों की तुलना करने से स्पष्ट है कि अपने देश में भी सेवा का हिस्सा 60 प्रतिशत से आगे बढ़ेगा तो मैन्युफैक्चरिंग का हिस्सा 25 प्रतिशत से घटेगा। अथवा हम कह सकते हैं कि सेवा क्षेत्र में सूर्योदय होगा जबकि मैन्युफैक्चरिंग में सूर्यास्त रहेगा। इस परिस्थिति में विश्व बाजार में सेवाओं जैसे ऑनलाइन ट्यूशन की मांग में वृद्धि होगी जबकि उत्पादित माल की मांग में तुलना में कम वृद्धि होगी अथवा गिरावट भी हो सकती है। जाहिर है कि जिस क्षेत्र में मांग बढ़ने की संभावना है, उस क्षेत्र में यदि हम प्रवेश करेंगे तो अपने माल को आसानी से बेच पायेंगे। सूर्यास्त वाले क्षेत्र में हमको अपना माल बेचने में आगे तक कठिन समस्याएं आएंगी। सेवा और मैन्युफैक्चरिंग का तीसरा अंतर है कि मैन्युफैक्चरिंग में उत्तरोत्तर रोबोट और ऑटोमेटिक मशीनों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। इतना सही है कि सेवा क्षेत्र में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से भी रोजगार में गिरावट आ सकती है। लेकिन सेवा के तमाम ऐसे क्षेत्र हैं, जिनका काम कम्प्यूटर से नहीं हो सकता है जैसे ऑनलाइन ट्यूशन को लें। यदि जर्मनी में बैठे किसी युवा को आपको गणित की शिक्षा देनी है तो वह सॉफ्टवेयर प्रोग्राम से कम ही सफल होगी। उसके लिए सामने एक अध्यापक बैठा होना चाहिए जो छात्र अथवा छात्रा के प्रश्नों का उत्तर दे सके और उनकी कठिनाइयों का निवारण कर सके। लगभग एक दशक पूर्व एनिमेटेड फिल्मों का जोर था। कम्प्यूटर से बनाई गयी कुछ फ़िल्में आयीं। समयक्रम में अब इनका चलन समाप्त होने लगा है और आज एनिमेटेड सिनेमा का उत्पादन कम हो रहा है। इसका अर्थ यह है कि कुछ विशेष सेवा क्षेत्रों को छोड़ दें तो ऑनलाइन ट्यूशन जैसे तमाम संस्थान हैं जहां कम्प्यूटर अथवा रोबोट मनुष्य का स्थान नहीं ले सकेंगे। इसलिए सेवा क्षेत्र तुलना में सुरक्षित रहेगा।

चौथा अंतर यह है कि अपने देश में प्राकृतिक संसाधनों का अभाव है। प्रति हेक्टेयर भूमि में हमारी जनसंख्या दूसरे देशों की तुलना में अधिक है। अपने देश में कोयला, बिजली और अन्य खनिज भी दूसरे देशों की तुलना में कम ही पाए जाते हैं। मैन्युफैक्चरिंग में इन प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग अधिक होता है। जैसे आपको स्टील बनाने के लिए कोयला और लौह खनिज की भारी मात्रा में आवश्यकता होती है। यदि आपके पास कोयला नहीं है तो आपको उसका आयात करना होगा, जो कि महंगा पड़ेगा और आयातित कोयले से आपके द्वारा निर्मित स्टील महंगा पड़ेगा।

यह आश्चर्य की बात है कि इन तमाम तथ्यों के बावजूद सरकार का ध्यान उत्पादित माल के निर्यात पर ही अधिक दिखता है। इसका एकमात्र कारण यह दिखता है कि उत्पादित माल की फैक्टरी लगाने में जमीन का आवंटन, बिजली का कनेक्शन, पॉल्यूशन का अनापत्ति पत्र, जंगल काटने की स्वीकृति, ड्रग लाइसेंस, फूड प्रोडक्ट का लाइसेंस इत्यादि तमाम सरकारी लाइसेंसों की जरूरत पड़ती है, जिसमें नौकरशाही को भारी लाभ होता है। इसलिए सरकार को विचार करना चाहिए कि क्या वे नौकरशाही के हितों की रक्षा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ाएगी अथवा जनता के हित को साधने के निर्यात पर विशेष ध्यान देगी। यह आज की चुनौती है।

*लेखक आर्थिक मामलों के जानकार हैं।*

## वो लड़की है कहां में एसीपी कोमल शर्मा का किरदार निभा रहीं हैं तापसी पन्नू

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू और एक्टर प्रतीक गांधी ने नवंबर महीने में अपनी नई फिल्म वो लड़की है कहां का ऐलान किया था, जो एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। फिल्म के अनाउंसमेंट के तुरंत बाद से ही फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी गई है। वहीं आज तापसी ने अपने किरदार के नाम का भी खुलासा किया है।

उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर इस फिल्म से अपनी एक झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, एसीपी कोमल शर्मा सेट पर वापस आने को इंतजार कर रहीं हैं.... सकोमलशर्मा सवोलड़कीहैकहां।

तापसी इस फिल्म में एसीपी कोमल शर्मा के किरदार में नजर आएगी। बता दें कि इस फिल्म की शूटिंग जयपुर में की जा रहीं हैं। फिल्म में तापसी पन्नू के साथ अभिनेता प्रतीक गांधी भी मुख्य किरदार में है।

जानकारी के लिए बता दे कि हाल ही में फिल्म की अनाउंसमेंट करने के साथ ही फिल्म से दोनों कलाकारों का फर्स्ट लुक भी रिवील किया गया था, जिसमें तापसी पुलिस की वर्दी पहने हुए नजर आ रही थी, और वहीं बगल में खड़े हुए अभिनेता प्रतीक दुल्हे की तरह सजे धजे हाथ में दूरबीन लिए दिखाई दे रहें थे। फिल्म में तापसी पन्नू और प्रतीक गांधी के अलावा प्रतीक बब्बर भी अहम किरदार में है। यह फिल्म आपको हसाने के साथ साथ रुलाएगी भी। इस अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा फिल्म को अरशद सैयद डायरेक्ट कर रहे हैं, वहीं इसे जंगली पिक्चर्स और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है।

## सू- दोकू क्र. 82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.81 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# कानून ही नहीं, अवसरों की भी जरूरत

सरस्वती रमेश

लोग कहते हैं कानून के हाथ लंबे होते हैं। मगर देखने में मिलता है कि कई मामलों में ये हाथ सिकुड़ कर रह जाते हैं। विवाह के मामले में भी कुछ ऐसा ही होता है। विश्वास न हो तो आजमगढ़, बलिया, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी जैसे किसी भी कस्बाई नगर में चले जाइये। वहां किसी भी सड़क पर 15-20 मिनट खड़े हो जाइए। सड़क पर आती-जाती माथे पर सिंदूर लगाए किशोरियों को देखिए और गिन लीजिए उनकी संख्या। आपको पता चल जाएगा 18 वर्ष से कम उम्र की कितनी लड़कियां शादीशुदा हैं और लड़कियों की शादी के लिए तय उम्र की जमीनी हकीकत क्या है। सड़कों पर आपको प्राइमरी डेटा मिल जाएगा।

अब जरा सेकंडरी डेटा पर गौर फरमाइये। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2015-16) के अनुसार 56 प्रतिशत लड़कियों की शादी 21 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है। गरीब आबादी के बीच यह संख्या 75 प्रतिशत के आसपास है। मतलब लड़कियों की शादी के मामले में अब तक के सारे कानूनों की पकड़ ढीली साबित हुई है। मतलब कानून बने तो कानून का पालन भी सख्ती से होना चाहिए।

लड़कियों की शादी कम उम्र में हो रही है। हमारी सरकार इसके दुष्प्रभावों से चिंतित थी। स्थिति में सुधार के लिए सरकार लगभग डेढ़ साल से हाथ-पैर चला रही थी। और अब एक नया कानून बनने जा रहा है। अब 21 वर्ष से कम उम्र में लड़कियों की शादी कानूनन जुर्म होगा। इसकी जरूरत बताते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में कहा कि लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य मातृ मृत्युदर में कमी, उनकी सेहत की रक्षा करना और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए उन्हें बढ़ावा देना है। मगर सोचने की जरूरत है कि क्या वाकई यह कानून से जुड़ा 'पुलिसिया मामला' है या इसके तार कहीं और से जुड़े हैं।

जहां तक मातृ मृत्यु दर का प्रश्न है तो यह सच है कि अधिकतर लड़कियां कम उम्र में मां बनकर प्रसव के दौरान होने वाली कॉम्प्लिकेशंस से मर जाती हैं। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि वे सब जागरूकता के अभाव और अशिक्षा के चलते समय से पहले बनी मांएं थीं। इनमें अधिकतर महिलाएं मेडिकल सुविधाओं, बेहतर चिकित्सकों के अभाव, अस्पतालों में होने वाली लापरवाही की भी शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो देती हैं।

कच्ची उम्र में मां बनने की इतनी बड़ी संख्या होने की एक और बड़ी वजह यह कि हमारे समाज में कोई भी स्त्री मां बनने से पहले यह नहीं सोचती कि उसका शरीर मां बनने के योग्य है या नहीं। अधिकतर औरतें खुद से कभी यह सवाल नहीं पूछती कि क्या वे वास्तव में मां बनने के लिए तैयार हैं या नहीं। वह समाज के दबाव, परिवार की इच्छा और परंपरा का निर्वाह करने के लिए मां बनती हैं।

जहां तक जच्चा-बच्चा की सेहत का मसला है तो यह सीधे उनके पारिवारिक बैकग्राउंड और उनकी आर्थिक स्थिति से जुड़ा हुआ है। गरीब परिवार में जन्मे बच्चे कुपोषण व अन्य बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। जबकि संपन्न परिवार में जन्मे बच्चे चाहे वह लड़की हो या लड़का, अच्छे खान-पान व पोषण के कारण स्वस्थ रहते हैं। गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सुधारने का प्रयास करना होगा। समय के साथ एक नई समस्या भी उभरी है। यह समस्या है कम उम्र में ही विपरीत सेक्स के प्रति यौन आकर्षण का उभरना।

अब लड़कियों की शादी की उम्र तीन साल बढ़ा देने से तो 'यौन अपराधियों' की संख्या तो निश्चित तौर पर बढ़ेगी। तो क्या हम पुलिसिया अंदाज में उनकी हरकतों को अपराध मानकर सजा देंगे या किशोरवय बच्चों को पहले से जागरूक किया जाएगा। लड़कियों के पीछे रह जाने की और भी कई वजह हैं। जैसे मां-बाप पहले लड़कियों का ब्याह कर अपने सिर का बोझ हल्का करना चाहते हैं।

दरअसल, मूल समस्या सही शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और रोजगार के अवसरों की कमी रही है। यदि बारहवीं के बाद लड़कियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाए तो शायद मां-बाप सहर्ष उसे स्वीकार कर उनकी शादी टाल सकते हैं। और फिर कमाने वाली महिला अपने विवाह से जुड़े फैसले खुद ले सकेगी।

# बन्द घरों में चोरी करने वाले तीन शातिर गिरफ्तार, जेवरात बरामद



हमारे संवाददाता

देहरादून। बंद घरों में चोरी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए पुलिस ने तीन शातिरों को पुलिस ने तीन शातिरो को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की गयी लाखों की ज्वैलरी व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है।

एस.पी.सिटी सरिता डोभाल द्वारा बताया गया कि बीती चार जनवरी को हरीशचन्द्र पुत्र रामनाथ निवासी गढवाली कॉलोनी नेहरुग्राम द्वारा थाना रायपुर में तहरीर देकर बताया गया कि एक जनवरी को उनका पुत्र नवनीत कुमार व पुत्रवधु शाम साढ़े चार बजे डोईवाला गुरुद्वारा गये हुये थे। जिसके बाद दोनो शाम को लौट कर आये तो उन्होने देखा कि उनके कमरे की आलमारी का लाकर खुला हुआ है और उसमे रखे जेवरात गायब है। उनके द्वारा अपने किरायेदार राहुल, कमल, अरविन्द एंव पडोस में रहने वाले शुभम का घटना को अंजाम देने का सन्देह जाहिर किया गया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी।

घटना में जिन युवकों पर संदेह जताया गया था जब उनकी जांच की गयी तो पुलिस को मालूम हुआ कि वह लोग घटना में शामिल नहीं थे। जिन्हे वापस छोड़ दिया गया आगे की जांच शुरू कर दी गयी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उक्त घटना में स्पैलेंडर सवार तीन लोग शामिल थे जिन्हे पुलिस ने एक सूचना के तहत कल देर शाम रायपुर खादर जंगल से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चुराये गये सभी जेवरात व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गयी है।

पूछताछ में उन्होने अपना नाम आदित्यपाल पुत्र राजेन्द्र पाल निवासी रांझावाला, बादल पुत्र कुलदीप सिंह निवासी निकट सॉंई मन्दिर झण्डे जी थाना कोतवाली नगर व हितेन्द्र गुसॉंई पुत्र माधो गुसॉंई निवासी नत्थुवावाला बताया। बताया कि हम तीनों आपस में दोस्त हैं तथा हम नशे के आदी हैं, नशे का शौक पूरा करने के लिये चोरी करते हैं। बतायाा क एक जनवरी को दोपहर तीन बजे हम गढवाली कॉलोनी में एक घर में घुसे थे, जो कि हमें खाली लग रहा था, घर के अन्दर घुसने पर घर की छत पर हमें एक बुजुर्ग आदमी दिखा जिसे बादल नें अपनी बातों में उलझा कर रखा तथा आदित्य घर के नीचे खडा होकर आने-जाने वालों की रैकी कर रहा था, जिसके बाद हमने घर के अन्दर से ज्वैलरी तथा अन्य सामान चोरी कर लिया गया।

## देवभूमि से मुझे अपार प्रेमः राजनाथ

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

है आप वोट तो खुद ही हमें देंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श राज्य 5 साल में नहीं बन सकता है अगर कोई यह कहे कि हमने तो आपको 5 साल दिए हैं क्यों नहीं बनाया आदर्श राज्य? मैं आप से कहता हूं कि अगर कोई 5 साल में आदर्श राज्य बनाने की बात कहता है तो वह आपसे झूठ बोल रहा है। आदर्श राज्य बनाने के लिए कम से कम एक दशक का समय तो चाहिए ही।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बीते 7 सालों में जो विकास के काम हुए हैं वह जनता के सामने हैं। राज्य में ऑल वेदर रोड और रेलवे लाइन बिछाने पर जो काम हो रहा है वह राज्य के विकास का नया इतिहास लिखेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा सैनिकों को जो सम्मान दे सकती है और सेना को जो साजो सामान दे सकती है वह कोई नहीं दे सकता है। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी अब इस राज्य को 2025 तक आदर्श राज्य बनाने की बात कह रहे हैं तो कोई हवा हवाई बात नहीं कह रहे हैं।

इससे पूर्व आज जौलीग्रांट हवाई अड्डे पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह व मदन कौशिक ने उनका स्वागत किया और यहां से वह राजनाथ सिंह के साथ उत्तरकाशी पहुंचे।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सात मेडल जीत कर लौटे खिलाड़ियों का सम्मान




नगर संवाददाता

देहरादून। 17वीं राष्ट्रीय फिगर स्केटिंग प्रतियोगिता में उत्तराखंड का परचम लहरा कर आये आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों को आज सम्मानित किया गया।

आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के अध्यक्ष शिव पैन्यूली ने आज प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में गुरुग्राम में 29 से 30 दिसम्बर 2021 को आयोजित हुई 17वीं राष्ट्रीय फिगर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिये एसोसिएशन की ओर से 7 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने सात मेडल जीते।

पैन्यूली ने बताया कि आदर्श रावत और हर्षिता रावत ने अपने अपने सोलो वर्ग में प्रथम स्थान, अपूर्वा सिंह ने द्वितीय स्थान बनाकर अपना और आईस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया। वहीं क्रमशः यशस्वी सिंह, तनिष्का सिंह, युवराज गुलाटी और आयूष जगूडी ने अपने अपने फिगर स्केटिंग सोलो वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बताया कि देशभर के उम्दा खिलाड़ियों के बीच टक्कर लेते हुए राज्य के इन खिलाड़ियों ने उत्तराखण्ड में आईस स्केटिंग खेल के मैदान के बगैर ही मैदान मारा है। कहा कि राज्य के युवाओं में इस खेल के प्रति जो आकर्षण है उसी की वजह से आज राज्य में श्रेय और निष्ठा जैसे अन्तराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हमारे पास है। वर्तमान तक उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों ने अन्तराष्ट्रीय स्तर पर 6 और राष्ट्रीय स्तर पर 50 पदक हासिल कर चुके है। राजधानी देहरादून में एशिया क्षेत्र का सबसे बड़ा और अन्तरराष्ट्रीय स्तर का आईस रिंक होने के बावजूद यहां के खिलाड़ियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यदि उत्तराखण्ड सरकार स्पोर्टस कालेज देहरादून स्थित आईस स्केटिंग रिंक को शीघ्र खुलवाकर इन खिलाड़ियों को निशुल्क खेल सुविधाएं प्रदान करवा दे तो निश्चय ही ये खिलाड़ी अन्तरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में चमकेंगे।

# 140 पेटी शराब सहित दो गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

देहरादून। शराब तस्करी में लिप्त दो शातिरों को पुलिस ने कल देर शाम 140 पेटी देशी शराब सहित गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम कोतवाली पटेलनगर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर शराब तस्करी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को आईएसबीटी चौक के समीप एक संदिग्ध वाहन आता हुआ दिखायी दिया।

पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो उसमें बैठे दो व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे। इस पर उन्हे घेर कर दबोचा गया। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस ने उसमें रखी 140 पेटी देशी शराब बरामद की। कोतवाली लाकर की गयी पूछताछ में उन्होने अपना नाम रोहन पुत्र राकेश कुमार निवासी बहेलिया बस्ती निरंजनपुर व सन्दीप पुत्र तेग बहादुर निवासी चोयला बर्त्वाल चौक चन्द्रबनी बताया। पुलिस ने उन्हे आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# मुनस्यारी की तीन बेटियों का विवि स्तरीय टीटी प्रतियोगिता में चयन



संवाददाता

पिथौरागढ़। राजकीय पीजी कॉलेज पिथौरागढ़ की तीन छात्राओं का विश्वविद्यालय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों बालिकाएं मुनस्यारी की रहने वाली है।

इनमें इशिता भंडारी पुत्री दिनेश भंडारी निवासी मदकोट, डॉली कोरंगा पुत्री हीरा सिंह कोरंगा निवासी मदकोट, लवली ल्वांल पुत्री बिशन सिंह ल्वांल निवासी गिग्घु तोमिक बोना का पिथौरागढ़ पीजी कॉलेज से विश्वविद्यालय टेबल टेनिस चौंपियनशिप खेलने के लिए चयन हुआ है। इशिता भंडारी तथा लवली ल्वांल हिमाचल में आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय नॉर्थ जोन की प्रतियोगिता में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा का नेतृत्व करेगी।

विदित हो कि मदकोट में टेबल टेनिस के लिए बुनियाद रखने वाले आईआरएस अधिकारी नरेंद्र सिंह जंगपांगी ने दिगड़ी संस्था द्वारा वर्ष 2003 में मदकोट में एक टेबल टेनिस देकर इस सफलता की नींव रखी थी। आपदा में टेबल टेनिस खराब हो जाने के बाद वर्ष 2018 में फिर जंगपांगी ने एक और टेबल टेनिस दिगड़ी संस्था के माध्यम से दिया।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने तीन बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि मदकोट में टेबल टेनिस का प्रशिक्षण कैंप साल में तीन बार आयोजित किया जाय।




कोरोना से डरे नहीं

सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



## एक नजर

# पीएम की सुरक्षा चूक की जांच को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन

नयी दिल्ली। पंजाब सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे के दौरान हुई सुरक्षा चूक की जांच के लिए गुरुवार को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह पीएम मोदी की सुरक्षा में चूक होने पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर चुके हैं। कैप्टन अमरिंदर सिंह भी इस रैली में हिस्सा लेने के लिए पंजाब के फिरोजपुर पहुंचे थे। पंजाब के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में बुधवार को उस वक्त श्शगंभीर चूकश्श की घटना हुई जब कुछ प्रदर्शनकारियों ने उस सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जहां से उन्हें गुजरना था। प्रधानमंत्री इस व्यवधान के कारण एक फ्लाईओवर पर



२० मिनट तक फंसे रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री रैली सहित किसी भी कार्यक्रम में शामिल हुए बिना पंजाब से दिल्ली लौट गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को तत्काल रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि उसने सुरक्षाकर्मियों की आवश्यक तैनाती सुनिश्चित नहीं की। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रक्रिया में इस तरह की लापरवाही पूरी तरह से अस्वीकार्य है और जवाबदेही तय की जाएगी। हालांकि, पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने इस बात से इनकार किया कि कोई सुरक्षा चूक हुई या इसके पीछे कोई राजनीतिक मकसद था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जांच के लिए तैयार है।

# सूरत में गैस लीक होने से 5 की मौत, 20 से ज्यादा की हालत गंभीर

सूरत। गुजरात के सूरत में गुरुवार सुबह जहरीली गैस लीक होने के एक बेहद भयावह हादसे में एक फैक्टरी में काम करने वाले ५ कामगारों की मौत हो गई जबकि २० अन्य बेहोश हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, रयासन से भरा एक टैंकर फैक्टरी के पास खड़ा था और उसमें से गैस लीक होने लगी थी। सूरत नगर निगम के प्रभारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी बसंत पारीक ने कहा घटना के वक्त मजदूर सचिन औद्योगिक क्षेत्र स्थित रंगाई कारखाने में थे। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग को तड़के करीब ४.२५ बजे फोन आया कि फैक्ट्री के




पास सड़क किनारे खड़े रासायनिक टैंकर से निकले जहरीले धुएं के कारण २५ से २६ कर्मचारी बेहोश हो गए। उन्होंने कहा कि सभी को नए सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में अब तक कम से कम छह श्रमिकों की मौत हो चुकी है। दमकल विभाग बाद में रिसाव को रोकने के लिए टैंकर के वाल्व को बंद करने में कामयाब रहा।

# भूस्खलन के बाद वैष्णो देवी यात्रा रोकी गई!

जम्मू। भारी बारिश के देखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। अब आज मौसम का आकलन करने के बाद इसे सुचारू किया जाएगा। बुधवार देर शाम को भारी बारिश के देखते हुए माता वैष्णो देवी यात्रा स्थगित कर दी गई है। फिलहाल मौसम का आकलन करने के बाद यात्रा सुचारू होगी। इससे पहले माता वैष्णो देवी भवन मार्ग में भूस्खलन के बाद मार्ग को बंद कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार, विगत दिवस लगातार बारिश के कारण माता वैष्णो देवी के बैटरी कार मार्ग पर पंछी हेलीपैड के समीप शाम चार बजे के करीब भूस्खलन हुआ। इसके चलते श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए मार्ग को बंद कर दिया गया। बैटरी कार सेवा को भी स्थगित कर दिया गया। श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए पारंपरिक मार्ग की ओर



जाने के लिए कहा गया था पर बाद में मौसम के बहुत ज्यादा खराब हो जाने पर यात्रा को स्थगित करने का फैसला लिया गया। यह कोई पहला मौका नहीं है। इससे पहले भी गत अगस्त महीने में बारिश के कारण माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन होने से यात्रा को कुछ समय के बंद कर दिया गया था। हालांकि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की ओर से भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों में टीन निर्मित शैड बनाए गए हैं लेकिन बावजूद इसके बारिश के मौसम में अक्सर यात्रा मार्ग पर भूस्खलन की घटनाएं होती रहती हैं।

# पचास लाख की फिरौती मांगने का खुलासा, चार गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। इंटरनेशनल काल के माध्यम से पचास लाख की फिरौती मांगने और न देने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने पीडित के परिचित सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने तीन तमंचे, कारतूस, मोबाइल फोन व दो बाइक भी बरामद की है। आरोपियों में से एक का भाई सऊदी अरब से फिरौती के लिए फोन कर रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि बीते 25 सितंबर को बहादराबाद क्षेत्र के अहमदपुर ग्रांट निवासी सुरेंद्र सिंह के मोबाइल पर एक

**●तीन तमंचे, कारतूस, मोबाइल व दो बाइक बरामद**

**●इंटरनेशनल काल के माध्यम से मांगी जा रही थी फिरौती**

काल आयी थी। जिसमें उन्हे धमकाते हुए पचास लाख की फिरौती मांगी गयी थी। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि काल इंटरनेशनल है। इंटरनेशनल कॉल की बात सामने आने पर पुलिस भी हैरान रह गई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार और एएसपी ज्वालापुर रेखा यादव के निर्देशन में पुलिस और एसओजी टीम द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद मनजीत निवासी सहदेवपुर, परीक्षित उर्फ प्रिंस निवासी सहदेवपुर, विनीत निवासी दौराला मेरठ हाल निवासी दक्ष एंक्लेव सराय रोड ज्वालापुर और शेर खान निवासी सरखडी रुड़की को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनके कब्जे से पुलिस ने तीन तमंचे, कारतूस, चार मोबाइल व दो बाइक भी बरामद की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ योगेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मनजीत की शेर खान के भाई मुनीर आलम से फेसबुक पर दोस्ती थी। मैसेंजर पर आपस में बात होने पर उन्होंने फिरौती का प्लान तैयार किया और मुनीर आलम ने ही सऊदी अरब से कॉल कर फिरौती मांगी थी। बताया कि इस मामले में मुनीर आलम को नामजद कर दिया गया है। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

## 1 से 5वीं तक की कक्षाएं फुलटाइम चलाने का आदेश स्थगित

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड शिक्षा विभाग को आखिरकार स्कूलों का समय बढ़ाने का फैसला वापस लेना पड़ा।

उत्तराखंड में जहां कोविड के मामले प्रतिदिन बढ़ रहे हैं और प्रदेश में नाइट कर्फ्यू भी लागू है तो ऐसे में प्राइमरी स्कूलों को पूरे टाइम के लिए खोले जाने के शिक्षा विभाग के आदेश से बच्चों के परिजन भी सकते में आ गये। इस फैसले का विरोध शुरू हुआ तो विभाग को बैकफुट पर आना पड़ेगा।

शिक्षा सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम की तरफ से बुधवार को एक आदेश स्कूलों के समय सीमा खोले जाने को लेकर जारी हुआ था जिसके तहत कक्षा 1 से 5 तक की स्कूल पूरे समय अवधि पर खोले जाने की बात आदेश में कही गई थी लेकिन आदेश को लेकर सवाल उठने लगे थे कि जब प्रदेश में नाइट को भी कर्फ्यू और कोरोना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं तो आखिर बच्चों के स्कूल खोले जाने के की समय कम किए जाने की बजाय बढ़ाई क्यों जा रही है। शिक्षा विभाग के द्वारा इस आदेश के जारी होने के बाद जो किरकिरी हुई है उसके बाद अब एक और आदेश उत्तराखंड शासन से हुआ है जिसके तहत कल जो आदेश शिक्षा सचिव के द्वारा जारी किया गया था। उसे स्थगित किए जाने की बात आदेश में कही गई है। उत्तराखंड में जहां एक तरफ चुनावी माहौल गर्म होता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना के बढ़ते हुए मामलों के बीच शिक्षा विभाग के इस आदेश से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि विभाग को बच्चों की बिल्कुल भी फिक्र नहीं है। कल से जिस आदेश को लेकर सवाल उठाए जा रहे थे विभाग को उस आदेश को 24 घंटे बाद निरस्त करवाना पड़ा।

# पत्नी की हत्या कर पहुंचा कोतवाली, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर। रूद्रपुर के भदईपुरा क्षेत्र में आज सुबह एक पति द्वारा अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। हत्या के बाद हत्यारा पति कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पत्नी की हत्या की बात बताई। सुबह सवेरे पति





द्वारा अपनी पत्नी की हत्या किये जाने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस पति को हिरासत में लेकर मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है।

जानकारी के अनुसार खेड़ा निवासी फराह(26)की शादी भदईपुरा निवासी मशरूफ के साथ कुछ माह पहले हुई थी। बताया जा रहा है कि मशरूफ की अपनी पत्नी के साथ अक्सर दहेज को लेकर कहासुनी हुआ करती थी। बीती रात को खाना खाकर दोनों अपने कमरे में सोने चले गए। आज सुबह लगभग छह बजे एक बार फिर मशरूफ की किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से कहासुनी हो गयी। बताया जा रहा है कि पति पत्नी में विवाद इतना बढ़ गया कि मशरूफ ने अपनी पत्नी फराह की गला दबाकर हत्या कर दी गयी। जिसके बाद वह कोतवाली पहुंची और उसने पुलिस को इस वारदात की जानकारी दी। घटना का पता चलते ही सीओ सिटी अभय सिंह, कोतवाल विक्रम राठौर व एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी मय फोर्स उसे लेकर भदईपुरा पहुंचे। जहां उन्होने फराह की लाश बैड पर पड़ा पाया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी गयी है। वहीं मृतका के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गयी है। कोतवाल विक्रम राठौर के अनुसार हत्या के कारणों की जांच की जा रही है। इसके बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। बहरहाल पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है एक माली की।**

**संपर्क करें- 9358134808**

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*